# देश में नोएडा एयरपोर्ट डिजिटल कनेक्टिविटी का बनेगा बड़ा केंद्र

जागरण संवाददाता ग्रेटर नोएडा: जेवर में बनकर तैयार हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट सुरक्षा,यात्री सुविधाओं के लिए पूरी तरह से डिजिटल निगरानी के लिए तैयार किया गया है। प्रदेश में जारी परियोजनाओं में से जेवर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष ध्यान है। शनिवार को उन्होंने इसके विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया था। प्रधानमंत्री से समय मिलते ही जल्द ही एयरपोर्ट का शुभारंभ भी होगा। नोएडा एयरपोर्ट देश का सबसे आधुनिक एयरपोर्ट होने के साथ ही तकनीकी प्रणालियों से लैस डिजिटल कनेक्टिविटी का भी केंद्र भी होगा। निर्बाध व सुरक्षित डेटा कनेक्टिविटी को एयरपोर्ट पर दोहरे फाइबर आप्टिक नेटवर्क की सुविधा होगी। इसके लिए अलग-अलग दो स्वतंत्र डेटा केंद्रों के अलावा एक वीडियो निगरानी प्रणाली भी स्थापित हो रही हैं। पूरा एयरपोर्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के साथ मल्टी-माडल लाजिस्टिक्स नेटवर्क से जुड़ने के बाद डिजिटल इन्फ्रास्ट्रेक्चर में एक नए युग का प्रतीक भी बनेगा। एयरपोर्ट के रास्तों पर सुरक्षा व यात्री सुविधा दोनों बेहतर होंगी।

## एयरपोर्ट को स्मार्ट बनाने के लिए बनेंगे तीन डिजिटल केंद्र

नोएडा एयरपोर्ट पर तीन प्रमुख डिजिटल नियंत्रण केंद्र विकसित किए गए हैं। एयरपोर्ट संचालन केंद्र (एओसी) जहा से पूरे एयरपोर्ट के दिमाग के रूप में कार्य करेगा और जहां से सभी गतिविधियों को वास्तविक समय में नियंत्रित किया जाएगा। दूसरा सुरक्षा संचालन नियंत्रण केंद्र (एसओसीसी) जो एयरपोर्ट की सुरक्षा पर लगातार निगरानी की जाएगी। तीसरा आपातकालीन संचालन केंद्र (एईओसी) जो किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेगा।

**नोएडा एयरपोर्ट प्रदेश के डिजिटल विमानन नेटवर्क का होगा प्रमुख केंद्र** : डिजिटल कनेक्टिविटी से रनवे और रिमोट स्टैंड सहित पूरे परिसर में निर्बाध वायरलेस नेटवर्क कवरेज प्रदान की जाएगी। एयरपोर्ट में स्मार्ट डिजिटल एक्सेस और रीयल-टाइम सूचना प्रणाली से यात्रियों और कर्मचारियों दोनों सीधे अपडेट रहेंगे।